**Series Z1YXW/6**

**SET ~ 1**

| प्रश्न-पत्र कोड | **4/6/1** |
|---|---|

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

# हिन्दी (ब)

# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

| **नोट** | |
|---|---|
| (i) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं । |
| (ii) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । |
| (iii) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं । |
| (iv) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** |
| (v) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । |

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***18*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***दो*** *खंड हैं –* ***खंड-'अ'*** *और* ***खंड-'ब'***

*(iii)* ***खंड-'अ'*** *में उपप्रश्नों सहित* ***45*** *बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल* ***40*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv)* ***खंड-'ब'*** *में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi)* *यथासंभव* ***दोनों*** *खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – अ

## (बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

कभी-कभी सहज से तेज़ गति में परिवर्तित होते क्रोध को समय रहते नियंत्रित नहीं किया गया तो उसके परिणाम अत्यंत घातक और पश्चात्ताप के भाव जगाने वाले हो सकते हैं । कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी के मनोविश्लेषक टॉम जी. स्टीवेन्स ने अपनी किताब 'ओवरकम एंगर ऐंड एग्रेसन' में स्पष्ट किया है कि क्रोध-नियंत्रण का एक प्रमुख तरीका यह है कि स्थिति को अपने नहीं, दूसरों के नजरिये से देखें । दूसरों को उन स्थितियों पर प्रकाश डालने के लिए प्रोत्साहित करें, क्षमा करना सीखें, बीते को बिसारने की आदत विकसित करें और किसी को चोट पहुँचाने के बजाय प्रशंसा से उसका मूल्यांकन करें । याद रखें, क्रोध-नियंत्रण से आप स्वयं को शक्तिशाली बनाते हैं । इससे आपकी खुशहाली और स्मृतियों का विस्तार होता है । यूनिवर्सिटी ऑफ सिनसिनाटी के वैज्ञानिकों ने अपनी किताब 50 साइंस ऑफ मेंटल इलनेस में इन कमजोरियों पर प्रकाश डालते हुए गुस्से को काबू में रखने के कारगर सूत्र दिए हैं । क्रोध-नियंत्रण से हम अपना ही नहीं, दूसरों के उजड़ते संसार को फिर से आबाद कर सकते हैं क्योंकि शांत मन सृजन में समर्थ होता है । हमारे सृजनात्मक होने से ही मानवता का हित सध सकता है । तो जब भी क्रोध आए, इन उपायों को आजमाएँ । जीवन में बिखरी हुई चीजों को सँवारने की ओर कदम खुद बढ़ चलेंगे ।

(i) क्रोध-नियंत्रण से होने वाले लाभों के संबंध में अनुपयुक्त कथन है 1

(a) इससे व्यक्ति स्वयं को शक्तिशाली बनाता है ।

(b) इससे व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आती है ।

(c) इससे व्यक्ति की विस्मृतियों का विस्तार होता है ।

(d) इससे व्यक्ति की रचनात्मकता में वृद्धि होती है ।

(ii) किस तरह का क्रोध अंततः पश्चात्ताप का कारण बनता है ? 1

(a) अत्यंत आवेग में किया गया क्रोध (b) सहज भाव से किया गया क्रोध

(c) प्रायश्चित्त भाव से किया गया क्रोध (d) आत्मघात भाव से किया गया क्रोध

(iii) मनोविश्लेषक स्टीवेन्स के अनुसार क्रोध पर काबू पाने पर सर्वोपयुक्त उपाय है 1

(a) परिस्थितियों पर दूसरों के नियंत्रण को स्वीकार करना ।

(b) परिस्थितियों पर पूरी तरह नियंत्रण स्थापित करना ।

(c) परिस्थितियों को अपने नजरिये से और अच्छे से समझना ।

(d) परिस्थितियों को दूसरों के नजरिये से जानने का प्रयास करना ।

(iv) क्रोध आने पर क्या करना चाहिए ? 1

(a) उसकी असहज अभिव्यक्ति

(b) उसकी सहज अभिव्यक्ति

(c) संयमित रहने का प्रयत्न

(d) घातक परिणाम का स्मरण

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए : **1**

**कथन (A) –** क्रोध नवसृजन का संहारक है ।

**कारण (R) –** क्रोध अवस्था में क्षमाशीलता न्यून हो जाती है ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

(b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(c) कथन (A) सही है तथा कारण (R) उसकी सही व्याख्या है ।

(d) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं है ।

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

शोर से होने वाली बहरेपन की बीमारी एक गंभीर स्वास्थ्यगत समस्या है । तेज आवाज हमारी श्रवण कोशिकाओं पर बहुत दबाव डालती है, जिससे वे स्थायी रूप से चोटिल हो सकती हैं । यदि सुनने की क्षमता एकबार चली गई तो उसे पुनः पाना नामुमकिन है । विश्व स्वास्थ्य संगठन की 'वर्ल्ड हीयरिंग रिपोर्ट' के मुताबिक विश्व की 1.5 अरब आबादी बहरेपन के साथ जी रही है । ध्वनि प्रदूषण दरअसल ऐसे अवांछित विद्युत चुंबकीय संकेत है, जो इंसान को कई रूपों में नुकसान पहुँचाते हैं । इसीलिए, शोर-प्रेरित बहरेपन पर फौरन ध्यान देने की जरूरत है । वैश्विक अध्ययन बताते हैं कि निर्माण कार्य, औद्योगिक कामकाज, जहाज बनाने या मरम्मत करने संबंधी काम, अग्निशमन, नागरिक उड्डयन आदि सेवाओं में लगे श्रमिकों में शोर-प्रेरित बहरेपन का खतरा अधिक होता है । आकलन है कि 15 फीसदी नौजवान संगीत-कार्यक्रमों, खेल-आयोजनों और दैनिक कामकाज में होने वाले शोर से बहरेपन का शिकार होते हैं । शोर-प्रेरित बहरेपन की समस्या विकासशील देशों में ज्यादा है, जहाँ तीव्र औद्योगीकरण, अनौपचारिक क्षेत्र के विस्तार और सुरक्षात्मक व शोर-नियंत्रणरोधी उपायों की कमी से लोग चौतरफा शोर-शराबे में दिन बिताने को अभिशप्त हैं । हमें यह समझना ही होगा कि श्रवण-शक्ति का ह्रास न सिर्फ इंसान को प्रभावित करता है, बल्कि समाज पर भी नकारात्मक असर डालता है ।

(i) शोर-प्रेरित बहरेपन का खतरा किस क्षेत्र से जुड़ें लोगों को कम है ? **1**

(a) जहाज-निर्माण से जुड़े लोगों को (b) स्वास्थ्य-सेवाओं से जुड़े लोगों को

(c) खेल-आयोजनों से जुड़े लोगों को (d) संगीत-कार्यक्रमों से जुड़े लोगों को

(ii) गद्यांश के संदर्भ में अनुपयुक्त कथन है – **1**

(a) विकासशील देशों में अनौपचारिक क्षेत्र विस्तार की समस्या नहीं है ।

(b) विकासशील देशों में शोर-नियंत्रणरोधी उपायों पर अधिक ध्यान नहीं दिया जाता है ।

(c) कुछ सेवाओं से जुड़े लोग अन्य की तुलना में बहरेपन के अधिक शिकार हैं ।

(d) कुछ खास सेवाओं से जुड़े युवा भी आज बहरेपन का शिकार हो रहे हैं ।

(iii) विकासशील देशों के लोगों के जीवन को अभिशप्त क्यों कहा गया है ? **1**

(a) उनका जीवन अनेक सामाजिक संकटों से घिरा है ।

(b) उनका जीवन अनेक आर्थिक संकटों से घिरा है ।

(c) वे खराब सेहत वाली विवश जिंदगी बसर करते हैं ।

(d) वे शोर-शराबे से भरी जिंदगी जीने को विवश हैं ।

(iv) तीव्र आवाज़ का हमारे शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है ? **1**

(a) तंत्रिका-कोशिकाएँ क्षतिग्रस्त (b) श्रवण-कोशिकाएँ क्षतिग्रस्त

(c) रक्त-कोशिकाएँ क्षतिग्रस्त (d) हृदय-कोशिकाएँ क्षतिग्रस्त

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए : **1**

**कथन (A) –** वर्तमान में श्रवण शक्ति का ह्रास एक सार्वजनिक समस्या बन गई है ।

**कारण (R) –** आर्थिक विकास की अनियमित होड़ इस समस्या के मूल कारणों में से एक है ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

(b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(c) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(d) कथन (A) सही है, परंतु कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है ।

3. 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) तोतों को उनकी दहकती-भूरी आँखों से भय न लगता था ।" **1**

(a) विशेषण पदबंध (b) क्रिया-विशेषण पदबंध

(c) संज्ञा पदबंध (d) सर्वनाम पदबंध

(ii) 'मोनुमेंट के नीचे ठीक चार बज़कर चौबीस मिनट पर झंडा फहराया जाएगा ।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है – **1**

(a) संज्ञा पदबंध (b) सर्वनाम पदबंध

(c) विशेषण पदबंध (d) क्रिया-विशेषण पदबंध

(iii) "वे सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए भी यश और धन-लिप्सा से कोसों दूर ही रहे ।" **1**

इस वाक्य में क्रिया पदबंध है –

(a) के बीच रहते हुए (b) सिनेमा की चकाचौंध

(c) धन-लिप्सा से कोसों (d) दूर ही रहे

(iv) "क्षितीश चटर्जी का फटा हुआ सिर देखकर आँख मिंच जाती थी ।" इस वाक्य में रेखांकित पदबंध है – **1**

(a) सर्वनाम पदबंध (b) संज्ञा पदबंध

(c) विशेषण पदबंध (d) क्रिया-विशेषण पदबंध

(v) 'अंग्रेजों की आँखों में धूल झोंकने वाला वह आजमगढ़ की तरफ भाग गया ।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है – **1**

(a) संज्ञा पदबंध (b) सर्वनाम पदबंध

(c) विशेषण पदबंध (d) क्रियाविशेषण पदबंध

4. 'रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'जब डॉक्टर साहब की ज़मानत जब्त हुई तब घर में ज़रा सन्नाटा हुआ ।' इस वाक्य का रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए । **1**

(a) सरल वाक्य (b) संयुक्त वाक्य

(c) मिश्र वाक्य (d) विधानवाचक वाक्य

(ii) 'सालाना इम्तिहान होने पर मैं उसमें अव्वल दरजे से पास हो गया ।" **1**

इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरित वाक्य है –

(a) जब सालाना इम्तिहान हुआ तब मैं उसमें अव्वल दरजे से पास हो गया ।

(b) सालाना इम्तिहान हुआ और मैं उसमें अव्वल दरजे से पास हो गया ।

(c) सालाना इम्तिहान होते ही मैं उसमें अव्वल दरजे से पास हो गया ।

(d) सालाना इम्तिहान में मैं अव्वल दरजे से पास हो गया ।

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त कथन है – **1**

(a) सरल वाक्य में एक उद्देश्य और एक ही विधेय होता है ।

(b) सरल वाक्य में एक से अधिक उद्देश्य और विधेय होते हैं ।

(c) संयुक्त वाक्य में एक ही वाक्य संयोजक द्वारा जुड़े रहते हैं ।

(d) संयुक्त वाक्य में संयोजक द्वारा जुड़े वाक्य परस्पर आश्रित होते हैं ।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य नहीं है – **1**

(a) इतने बादशाहों के नाम याद रखना आसान काम नहीं है ।

(b) उनकी ऐसी हालत देखकर मुझे उन पर दया आती थी ।

(c) न जाने कैसे मैं अपने दरजे में अव्वल आ गया ।

(d) हालाँकि मैं पास हो गया फिर भी मेरा तिरस्कार हुआ ।

(v) 'मेरे बहुत प्रयत्न करने पर भी उस पहेली का हल मुझे नहीं मिला ।' **1**

रचना की दृष्टि से यह वाक्य कैसा वाक्य है ?

(a) मिश्र वाक्य (b) सरल वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य (d) सामान्य वाक्य

5. 'समास' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'सुखदुख' शब्द किस समास का उदाहरण है ? **1**

(a) द्वंद्व समास (b) तत्पुरुष समास

(c) बहुव्रीहि समास (d) अव्ययीभाव समास

(ii) 'रक्तकमल' शब्द में समास है **1**

(a) अव्ययीभाव समास (b) कर्मधारय समास

(c) द्वंद्व समास (d) बहुव्रीहि समास

(iii) निम्नलिखित में 'जलद-यान' का उपयुक्त समान-विग्रह कौन-सा है ? **1**

(a) जलद और यान (b) जलद रूपी यान

(c) जलद सम यान (d) जलद अथवा यान

(iv) निम्नलिखित शब्दों में बहुव्रीहि समास का सही उदाहरण कौन-सा है ? **1**

(a) पृष्ठभूमि (b) दृगसुमन

(c) दशानन (d) आत्मत्राण

(v) 'युगवाणी' समस्त पद का सही समास-विग्रह और भेद किस विकल्प में है ? **1**

(a) युग रूपी वाणी – कर्मधारय समास (b) युग और वाणी – कर्मधारय समास

(c) युग की वाणी – तत्पुरुष समास (d) युग समान वाणी – तत्पुरुष समास

6. 'मुहावरों' पर आधारित निम्नलिखित **छह** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'चक्कर खाना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है – **1**

(a) बेहोश होना (b) गोल घूमना

(c) भ्रमित होना (d) भ्रमण करना

(ii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए : **1**

(I) सजग रहना – जागरूक होना

(II) रंग दिखाना – प्रभाव दिखाना

(III) दिमाग होना – बुद्धिमान होना

(IV) खून जलाना – तिरस्कार करना

उपर्युक्त युग्मों में से कौन–से युग्म सही सुमेलित हैं ?

(a) (I) और (II)
(b) (III) और (IV)
(c) (I) और (III)
(d) (II) और (IV)

(iii) 'बहुत खुश होना' – अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा कौन–सा है ? **1**

(a) हाथ–पाँव फूल जाना
(b) फूलकर कुप्पा हो जाना
(c) सातवें आसमान पर होना
(d) फूटी आँख न सुहाना

(iv) 'बड़े भाई साहब ऐसी–ऐसी लगती बातें कहते कि मेरी ________ जाती ।' **1**

रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए ।

(a) तूती बोलना
(b) खून खौलना
(c) हिम्मत टूटना
(d) दिल पसीजना

(v) "दबदबा होना" – अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा लिखिए : **1**

(a) हेकड़ी जताना
(b) खाल खींचना
(c) चमड़ी उधेड़ना
(d) तूती बोलना

(vi) 'कक्षा में प्रथम स्थान पाने के लिए उसने ________ दिया ।' **1**

रिक्त स्थान की पूर्ति निम्नलिखित में से उपयुक्त मुहावरे से कीजिए :

(a) नाकों चने चबाना
(b) अपना रंग दिखाना
(c) ओखली में सिर देना
(d) रात–दिन एक करना

7. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई
फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया
कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं
सर हिमालय का हमने न झुकने दिया
मरते-मरते रहा बाँकपन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो

(i) 'साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई' पंक्ति के संदर्भ में सैनिक की विशेषता को दर्शाने वाला सही विकल्प है – **1**

(a) दृढ़ता और कर्तव्य परायणता
(b) साहस और निडरता
(c) वीरता और निडरता
(d) उदारता और भावुकता

(ii) 'हिमालय' किसका प्रतीक है ? **1**

(a) पर्वतों के राजा का
(b) पर्वत शृंखला का
(c) युद्ध के स्थल का
(d) देश के मान का

(iii) 'कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं' में 'हमारे' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ? **1**

(a) देश की रक्षा हेतु कुर्बान होते सैनिकों के लिए
(b) देश की रक्षा हेतु घायल होते सैनिकों के लिए
(c) देश की सीमाओं पर पहरा देते सैनिकों के लिए
(d) देश के पर्वतीय हिस्सों में तैनात सैनिकों के लिए

(iv) निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : **1**

(क) सैनिक घायल अवस्था में भी अपने कर्त्तव्य का निर्वाह करने से पीछे नहीं हटते ।
(ख) सैनिक युद्ध के लिए जाते समय अपने सभी उत्तरदायित्व किसी और को सौंप जाते हैं ।
(ग) सैनिक देश और देशवासियों की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा देते हैं ।
(घ) सभी सैनिक मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत होने के कारण ही अहंकारी होते हैं ।

उपर्युक्त कथनों के लिए काव्यांश से मेल खाते हुए उचित विकल्प चुनकर लिखिए :

(a) (क) और (ख)
(b) (क) और (ग)
(c) (क), (ख) और (ग)
(d) (क), (ग) और (घ)

(v) काव्यांश में देशवासियों से क्या अपेक्षा की गई है ? **1**

(a) देश के विकास की
(b) देश के विस्तार की
(c) देश की रक्षा की
(d) देश की संपन्नता की

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(i) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए । **1**

**कथन (A) –** तोप अत्याचारी सत्ता का प्रतीक है ।

**कारण (R) –** तोप जैसी वस्तुओं को सजाकर रखना चाहिए ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

(b) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं ।

(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(d) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(ii) 'आत्मत्राण' कविता में कवि अपने व्यथित चित्त के लिए ईश्वर से क्या माँगता है ? **1**

(a) दुख का सामना करने हेतु सामर्थ्य (b) दुख का सामना करने हेतु सांत्वना

(c) दुख का सामना करने हेतु करुणा (d) दुख का सामना करने हेतु वंचना

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

सदियों पूर्व, जब लिटिल अंदमान और कार-निकोबार आपस में जुड़े हुए थे तब वहाँ एक सुंदर सा गाँव था । पास में एक सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था । उसका नाम था तताँरा । निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे । तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था । सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता । अपने गाँववालों को ही नहीं, अपितु समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था । उसके इस त्याग की वजह से वह चर्चित था । सभी उसका आदर करते । वक्त मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह भागा-भागा वहाँ पहुँच जाता । दूसरे गाँवों में भी पर्व-त्योहारों के समय उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता । उसका व्यक्तित्व तो आकर्षक था ही, साथ ही आत्मीय स्वभाव की वजह से लोग उसके करीब रहना चाहते । पारंपरिक पोशाक के साथ वह अपनी कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता । लोगों का मत था, बावजूद लकड़ी की होने पर, उस तलवार में अद्भुत दैवीय शक्ति थी । तताँरा अपनी तलवार को कभी अलग न होने देता । उसका दूसरों के सामने उपयोग भी न करता । किंतु उसके चर्चित साहसिक कारनामों के कारण लोग-बाग तलवार में अद्भुत शक्ति का होना मानते थे । तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी ।

(i) गाँव के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे ? **1**

(a) वह सुंदर और शक्तिशाली था । (b) वह नेक और मददगार व्यक्ति था ।

(c) वह बेहद शांत और सभ्य व्यक्ति था । (d) वह सुंदर, बलिष्ठ और भोला व्यक्ति था ।

(ii) दूसरे गाँव के लोग भी पर्व–त्योहारों के समय तताँरा को क्यों आमंत्रित करते थे ? 1

(a) उसके आकर्षक व्यक्तित्व के कारण (b) उसके साहसिक कारनामों के कारण

(c) उसके त्याग और सेवाभाव के कारण (d) उसकी विलक्षण तलवार के कारण

(iii) तताँरा की तलवार लोगों के बीच एक विलक्षण रहस्य क्यों थी ? 1

(a) क्योंकि तताँरा उसे कभी अपने से अलग नहीं करता था ।

(b) क्योंकि तताँरा की तलवार लकड़ी की बनी हुई थी ।

(c) क्योंकि तताँरा उसका प्रयोग दूसरों के सामने नहीं करता था ।

(d) क्योंकि तताँरा अकेले ही अद्‌भुत, साहसिक कारनामें किया करता था ।

(iv) पारंपरिक पोशाक से क्या अभिप्राय है ? 1

(a) गाँव के सभी लोगों द्‌वारा पहने जाने वाली पोशाक

(b) गाँव के युवाओं द्‌वारा पहने जाने वाली पोशाक

(c) वो पोशाक जो किसी प्रदेश विशेष में सदियों से पहनी जाती हो ।

(d) वो पोशाक जो किसी विशेष अवसर पर पहनी जाती हो ।

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1

**कथन (A) :** तताँरा समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था ।

**कारण (R) :** वह एक सुंदर और शक्तिशाली युवक था ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

(b) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है ।

(d) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

10. पठित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : $2 \times 1 = 2$

(i) वर्तमान समाज में मौजूद शाश्वत मूल्य किसकी देन हैं ? (गिन्नी का सोना) 1

(a) व्यवहारवादी व्यक्तियों की (b) आदर्शवादी व्यक्तियों की

(c) प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों की (d) स्वतंत्रता सेनानियों की

(ii) उत्कृष्ट होते हुए भी 'तीसरी कसम' फिल्म सिनेमाघरों में क्यों नहीं चली ? 1

(a) फिल्म की संवेदना का प्रचार न होने के कारण

(b) अच्छे गीतों के अभाव के कारण

(c) फिल्म में कमजोर अभिनय के कारण

(d) फिल्म की कमजोर पटकथा के कारण

## खंड – ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : $2 \times 3 = 6$

(क) बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किए गए मानवीय क्रियाकलापों ने प्रकृति को नकारात्मक रूप में प्रभावित कर उसे असंतुलित किया है । प्रकृति के इस असंतुलन का मानवीय जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठे के संदर्भ में लिखिए ।

(ख) 'तताँरा–वामीरो कथा' के अनुसार गाँव वाले तताँरा के सदाचारी व्यक्तित्व से परिचित और प्रभावित थे फिर भी वामीरो के मामले में उन्होंने उसका साथ क्यों नहीं दिया ?

(ग) 'बड़े भाई साहब' कहानी में आपने पढ़ा कि छोटा भाई कक्षा में अव्वल दर्जे से पास हो रहा था और बड़े भाई साहब असफल, फिर भी वह बड़े भाई की नज़रों से बचकर अपने खेल संबंधी शौक पूरे करता था । इसके पीछे क्या कारण रहे होंगे ?

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'मीराबाई' रचित 'द्वितीय पद' के अनुसार अपने आराध्य को पाने के लिए मीरा क्या-क्या करना चाहती हैं और क्यों ?

(ख) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने कैसे जीवन को व्यर्थ बताया है, और क्यों ?

(ग) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर लिखिए कि कवि को ऐसा क्यों लगता है कि जैसे अचानक पर्वत पंख लगाकर उड़ गया हो ?

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) "हरिहर काका कहानी पारिवारिक जीवन में घर कर चुकी स्वार्थपरता और हिंसा-प्रवृत्ति को बेनकाब करती है ।" तर्कसंगत उत्तर दीजिए ।

(ख) "वर्तमान में विद्यालयों में बढ़ती हुई अनुशासनहीनता को देखते हुए मास्टर प्रीतमचंद जैसे अध्यापकों की आवश्यकता है ।" इस कथन से सहमति या असहमति के संबंध में अपने तर्कसम्मत विचार लिखिए ।

(ग) टोपी शुक्ला अपनी दादी को नापसंद क्यों करता था ? पाठ के आधार पर लिखिए ।

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **1 × 5 = 5**

(क) स्वदेशी अपनाओ

**संकेत बिंदु** : क्या, आवश्यकता क्यों ?, देश की अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव, सुझाव

(ख) सोशल मीडिया का मायाजाल और युवा

**संकेत बिंदु** : सोशल मीडिया क्या ?, युवाओं पर प्रभाव, मायाजाल कैसे, बचाव हेतु सुझाव

(ग) लड़का-लड़की एकसमान

**संकेत बिंदु** : इस सोच की आवश्यकता क्यों ? लड़कियों को बढ़ावा कैसे ? देश-समाज पर प्रभाव, सुझाव

15. (क) आप अर्णव/अरनी हैं और क.ख.ग. नगर के/की निवासी हैं । आपके क्षेत्र के बाज़ारों में प्रतिबंधित होने के बावजूद प्लास्टिक थैलियों का उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है । इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए नगर निगम अधिकारी को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए । **1 × 5 = 5**

**अथवा**

(ख) आप भुवन गुलेरिया/भावना गुलेरिया हैं और अ.ब.स. नगर में रहते/रहती हैं । आपके क्षेत्र के पार्क को लोगों ने सार्वजनिक धरना-प्रदर्शन का केन्द्र बना दिया है जिससे वहाँ के निवासियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । इस समस्या की ओर संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने के लिए 'जागरूक' समाचार-पत्र, मुंबई के संपादक को लगभग **100** शब्दों में एक पत्र लिखिए ।

16. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **80** शब्दों में सूचना लिखिए : **1 × 4 = 4**

(क) आप मोहन चटर्जी/मोहिनी चटर्जी हैं और सर्व शिक्षा विद्यालय के विद्यार्थी परिषद् के/की अध्यक्ष/अध्यक्षा हैं । अपने विद्यालय में आयोजित होने वाली साइबर-सुरक्षा कार्यशाला संबंधी जानकारी विद्यार्थियों तक पहुँचाने के लिए एक सूचना तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(ख) आप निवासी कल्याण संघ के/की सचिव अरुण पटनायक/अरुणा पटनायक हैं । आपकी सोसायटी में शास्त्रीय नृत्य-संगीत की कक्षाएँ शुरू होने वाली हैं । इन कक्षाओं में भाग लेने के इच्छुक लोगों के लिए एक सूचना तैयार कीजिए ।

17. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **60** शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए : **1 × 3 = 3**

(क) डेंगू - मलेरिया के प्रकोप से बचाव हेतु लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(ख) सोलर पंखे बनाने वाली संस्था सूर्य-शक्ति के प्रचार-प्रसार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

18. (क) 'जहाँ चाह, वहाँ राह' शीर्षक पर लगभग **100** शब्दों में एक लघुकथा लिखिए । **1 × 5 = 5**

**अथवा**

(ख) आप धनुष सांगवान/धनुश्री सांगवान हैं । आपने ऑनलाइन लैपटॉप खरीदा है परंतु खरीदने के एक महीने के भीतर ही उसमें खराबी आ गई है । इस बात की जानकारी देते हुए तथा उत्पाद (लैपटॉप) को बदलने का आग्रह करते हुए कंपनी के ई-मेल पते पर ई-मेल लिखिए ।

# <u>अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु</u>

## सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2023

## अंक-योजना

## हिंदी 'ब' विषय कोड—085

## प्रश्न-पत्र कोड-- 4/6/1, 4/6/2, 4/6/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किये गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया

है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आंकड़ों और शब्दों में लिखे।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।

## अंक योजना

## हिंदी 'ब'

| प्रश्न सं. | 4/6/1 | 4/6/2 | 4/6/3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड अ**<br>**वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर** | |
| **1** | **1** | **2** | **1** | **'अपठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न :<br>(i) (c) इससे व्यक्ति की विस्मृतियों का विस्तार होता है।<br>(ii) (a) अत्यंत आवेग में किया गया क्रोध<br>(iii) (d) परिस्थितियों को दूसरों के नजरिए से जानने का प्रयास करना।<br>(iv) (c) संयमित रहने का प्रयत्न<br>(v) (d) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं है। | **5 x 1 = 5** |
| **2** | **2** | **1** | **2** | **'अपठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न :<br>(i) (b) स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों को<br>(ii) (a) विकासशील देशों में अनौपचारिक क्षेत्र विस्तार की समस्या नहीं है।<br>(iii) (d) वे शोर-शराबे से भरी जिंदगी जीने को विवश हैं।<br>(iv) (b) श्रवण-कोशिकाएँ क्षतिग्रस्त<br>(v) (c) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। | **5 x 1 = 5** |
| **3** | **3** | **6** | **4** | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) संज्ञा पदबंध<br>(ii) (d) क्रिया-विशेषण पदबंध<br>(iii) (d) दूर ही रहे<br>(iv) (c) विशेषण पदबंध<br>(v) (b) सर्वनाम पदबंध | **4 x 1 = 4** |
| **4** | **4** | **-** | **-** | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) मिश्र वाक्य<br>(ii) (a) जब सालाना इम्तिहान हुआ तब मैं उसमें अव्वल दरजे से पास हो गया। | **4 x 1 = 4** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (iii) (a) सरल वाक्य में एक उद्देश्य और एक ही विधेय होता है।<br>(iv) (d) हालाँकि मैं पास हो गया फिर भी मेरा तिरस्कार हुआ।<br>(v) (b) सरल वाक्य | |
| | - | 4 | - | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) मिश्र वाक्य<br>(ii) (c) जब चार बजकर चौबीस मिनट हुए तब सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए।<br>(iii) (b) संयुक्त वाक्यों में उसके प्रत्येक वाक्य का अपना स्वतंत्र अस्तित्व होता है।<br>(iv) (d) जैसा तजुरबा उन्हें है उसकी बराबरी नहीं हो सकती।<br>(v) (b) सरल वाक्य | **4 x 1 = 4** |
| | - | - | 3 | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) मिश्र वाक्य<br>(ii) (a) जब हम सब पंक्ति में होते तो पहले और आखिरी विद्यार्थी का ध्यान रखते।<br>(iii) (b) वाक्य का रूप परिवर्तित करते समय उसका अर्थ परिवर्तित होना चाहिए।<br>(iv) (a) फिर छुट्टियाँ बीतने लगतीं तो दिन गिनने लगते।<br>(v) (d) संयुक्त वाक्य | **4 x 1 = 4** |
| **5** | **5** | - | - | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (a) द्वन्द्व समास<br>(ii) (b) कर्मधारय समास<br>(iii) (b) जलद रूपी यान<br>(iv) (c) दशानन<br>(v) (c) युग की वाणी – तत्पुरुष समास | **4 x 1 = 4** |
| **5** | - | **5** | - | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (b) तत्पुरुष समास<br>(ii) (a) अव्ययीभाव समास<br>(iii) (d) स्वर्ण सम किरण<br>(iv) (b) लंबोदर | **4 x 1 = 4** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (v) (b) मन का बल - तत्पुरुष समास | |
| **5** | **-** | **-** | **6** | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) अव्ययीभाव समास<br>(ii) (d) तत्पुरुष समास<br>(iii) (d) प्रेम की कथा<br>(iv) (d) त्रिलोकनाथ<br>(v) (d) भय से आकुल – तत्पुरुष समास | **4 x 1 = 4** |
| **6** | **6** | **3** | **5** | **'मुहावरे'** पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :<br>(i) (c) भ्रमित होना<br>(ii) (a) (I) और (II)<br>(iii) (b) फूलकर कुप्पा हो जाना / (c) सातवें आसमान पर होना<br>(iv) (c) हिम्मत टूटना<br>(v) (d) तूती बोलना<br>(vi) (d) रात-दिन एक करना | **4 x 1 = 4** |
| **7** | **7** | **8** | **9** | **'पठित पद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (a) दृढ़ता और कर्तव्यपरायणता<br>(ii) (d) देश के मान का<br>(iii) (a) देश की रक्षा हेतु कुर्बान होते सैनिकों के लिए<br>(iv) (b) (क) और (ग)<br>(v) (c) देश की रक्षा की | **5 x 1 = 5** |
| **8** | **8** | **7** | **7** | **'पाठ्यपुस्तक के पद्य पाठों'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।<br>(ii) (a) दुख का सामना करने हेतु सामर्थ्य | **2 x 1 = 2** |
| **9** | **9** | **10** | **10** | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (b) वह नेक और मददगार व्यक्ति था।<br>(ii) (c) उसके त्याग और सेवाभाव के कारण<br>(iii) (a) क्योंकि तताँरा उसे कभी अपने से अलग नहीं करता था। /<br>(d) क्योंकि तताँरा अकेले ही अद्भुत साहसिक कारनामें किया करता था।<br>(iv) (c) वो पोशाक जो किसी प्रदेश विशेष में सदियों से पहनी जाती हो।<br>(v) (c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है। | **5 x 1 = 5** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **10** | **10** | **9** | **8** | **‘पाठ्यपुस्तक के गद्य पाठों’** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(i) (b) आदर्शवादी व्यक्तियों की<br>(ii) (a) फिल्म की संवेदना का प्रचार न होने के कारण | **2 x 1 = 2** |
| | | | | **खंड ब**<br>**वर्णनात्मक प्रश्न** | |
| **11** | **11** | **-** | **-** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>● मौसम चक्र प्रभावित, गरमी में अधिक गरमी, बेवक्त वर्षा आदि<br>● भूकंप, बाढ़, सूखा जैसी प्राकृतिक आपदाओं में वृद्धि<br>● तरह-तरह के नए रोग<br>(ख)<br>● गाँव की विवाह संबंधी निषेध परंपरा से बँधे होने के कारण<br>● पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने के कारण<br>● गाँव वालों द्वारा परंपराओं को जीवन से अधिक महत्त्वपूर्ण समझने के कारण<br>(ग)<br>● बड़े भाई साहब से पड़ने वाली डाँट और भय के कारण<br>● बड़े भाई की नज़रों में अच्छे बने रहने के कारण<br>● उनके प्रति सहज-स्वाभाविक आदर भाव के कारण<br>● खेल के प्रति अत्यधिक रुचि के कारण<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | **2 x 3 = 6**<br><br>**3**<br><br>**3**<br><br>**3** |
| | **-** | **11** | **-** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>● मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>● विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन<br><br>(ख)<br>● तलवार लकड़ी की होने के बावजूद द्वीप का दो टुकड़ों में विभक्त हो जाना<br>● तताँरा के द्वारा तलवार का किसी के सामने प्रयोग न करना<br>● तताँरा के अनेक साहसिक कारनामे | **2 x 3 = 6**<br><br>**3**<br><br>**3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (ग)<br>● सिर्फ किताबी ज्ञान और रटंत विद्या पर बल<br>● पाठ्यक्रम में ऐसे विषय शामिल जिनका वर्तमान एवं व्यावहारिकता से कोई लेना-देना नहीं<br>● मूल्यांकन प्रणाली से असंतोष | **3** |
| | **-** | **-** | **11** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>● एक परिवार के समान, बड़े-बड़े दालानों, आँगनों वाले घरों में मिल-जुल कर रहना<br>● टुकड़ों में बँटा, एक-दूसरे से दूर, लगातार बढ़ती आबादी और उसकी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रकृति के हर रूप का दोहन<br>● वर्तमान जीवन छोटे-छोटे डिब्बे जैसे घरों में सिमटा<br>● सभ्यता के विकास के साथ-साथ संवेदनशीलता में कमी<br>(ख)<br>● क्रोध के शमन हेतु तलवार को धरती में घोंप दिया और उसे दूर तक खींचकर ले गया।<br>● मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>● विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन<br>(ग)<br>● चंचल स्वभाव के कारण छोटे भाई की रुचि पढ़ने में कम और खेलने में अधिक<br>● छोटे भाई को गलत राह पर जाने से रोकने एवं अहंकार से बचाने के लिए<br>● बड़े भाई को उसके भटक जाने का डर, साथ ही उसके प्रति उत्तरदायित्व का अहसास | **2 x 3 = 6**<br><br>**3**<br><br>**1+2= 3**<br><br>**3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **12** | **12** | **-** | **-** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>**क्या -**<br>● श्रीकृष्ण की सेविका बनकर उनके लिए बाग लगाना, वृंदावन की गलियों में लीला-गान करना, ऊँचे-ऊँचे झरोखेदार/खिड़कियों वाले महल बनाना<br>● लोक-मर्यादा का भय त्याग कर सजना-सँवरना, कुसुम्बी साड़ी में आधी रात में भी यमुना-तट पर जाना<br>**क्यों -**<br>● अपने इष्ट कृष्ण के दर्शन, भक्ति और सुमिरन की प्राप्ति के लिए<br>● कृष्ण के प्रति एकनिष्ठता के कारण<br>(ख)<br>**कैसे-**<br>● परोपकार रहित स्वार्थपूर्ण जीवन को<br>**क्यों -**<br>● स्वार्थपूर्ण जीवन पशुवत व्यवहार<br>● समाज में आदर्श स्थापित न कर पाना<br>● मनुष्यता के लिए स्वार्थ भावना से मुक्त होना आवश्यक<br>(ग)<br>● आकाश में अचानक काले-घने बादलों के घिरने से<br>● मूसलाधार वर्षा होने से<br>● अदृश्यता की स्थिति के कारण पर्वतों का दिखाई न देना | **2 x 3 = 6**<br><br>**2+1= 3**<br><br>**1+2= 3**<br><br>**3** |
| | **-** | **12** | **-** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>● श्रीकृष्ण के सान्निध्य में रहकर उनकी सेवा करने के लिए<br>● दर्शन-लाभ प्राप्त करने के लिए<br>● सुमिरन और भक्ति रूपी जागीर पाने के लिए<br>(ख)<br>● इस संसार में जन्म लेने वाले हर किसी की मृत्यु निश्चित, जो निश्चित है उससे डर कैसा ? | **2 x 3 = 6**<br><br>**3**<br><br>**3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ● शरीर नश्वर, आत्मा अमर। मृत्यु भी शरीर की ही<br>● अच्छा कर्म करके सार्थक मृत्यु को प्राप्त करने वाले की यशगाथा अमर<br>(ग)<br>**कल्पना -**<br>● अपने हज़ारों फूल रूपी आँखों से स्वयं को निहारना<br>● अपने विशाल स्वरुप को देखकर मुग्ध होना<br>**कारण -**<br>● पर्वतों का अपने रूप- सौंदर्य पर मोहित होना<br>● एक बार देखने से तृप्ति का अनुभव न होना<br>● चरणों में पलने वाले ताल में अपने प्रतिबिंब को देखना | **1+2= 3** |
| | - | - | **12** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क)<br>**कैसे-**<br>● अन्य भक्तों का दृष्टांत देकर मनुहार<br>**क्या-**<br>● आम जन के साथ अपनी पीड़ा और भय से मुक्ति की प्रार्थना<br>● अपने आराध्य की क्षमताओं का गुणगान एवं श्रीकृष्ण को उनके कर्त्तव्य का स्मरण<br>(ख)<br>**किसे -**<br>● जिसे परमात्मा की कृपा और अपने सत्कर्म पर भरोसा न हो<br>● जिसमें धैर्य न हो<br>**क्यों -**<br>● ईश्वर की कृपा पर भरोसा न होना<br>● तत्क्षण फल-प्राप्ति की इच्छा<br>● धन और बल पर अहंकार<br>(ग)<br>**किसे-**<br>● पर्वतों पर उगे सहस्त्र फूलों को<br>**कहाँ-** | **2 x 3 = 6**<br><br>**1+2= 3**<br><br>**1+2= 3**<br><br>**1+1+ 1=3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • ताल रूपी दर्पण में<br>**क्यों-**<br>• पर्वतों का अपने रूप- सौंदर्य पर मोहित होना | |
| **13** | **13** | **13** | **13** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br>(क)<br>• हरिहर काका का परिवार उनके हित की जगह अपने स्वार्थ और हित से बँधा<br>• हरिहर काका की जमीन हथियाने के लिए उनकी देखभाल और सेवा का दिखावा करना<br>• भाइयों द्वारा शारीरिक यातना देना और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना<br>(ख)<br>• मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br>• विद्यार्थियों की उचित तार्किक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन<br>(ग)<br>• दादी का टोपी के प्रति कठोर और उपेक्षात्मक व्यवहार<br>• टोपी और उसकी माँ की बोली का उपहास<br>• दादी का टोपी के प्रति आक्रोश-भरा व्यवहार, डाँट-फटकार<br>• दादी के कारण ही उसे अपनी माँ रामदुलारी से अकसर डाँट-फटकार पड़ना ( किन्हीं तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | **2 x 3 = 6**<br><br>**3**<br><br>**3** |
| **14** | **14** | **15** | **15** | किसी ***एक*** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन :<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |
| **15** | **15** | **14** | **16** | किसी ***एक*** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लेखन:<br>• आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **16** | **16** | **16** | **17** | किसी **एक** विषय पर लगभग 80 शब्दों में सूचना लेखन:<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | **1 x 4 = 4** |
| **17** | **17** | **18** | **18** | किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन :<br>● विषय-वस्तु – 1 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | **1 x 3 = 3** |
| **18** | **18** | **17** | **14** | लगभग 100 शब्दों में लघुकथा **अथवा** ई-मेल लेखन :<br>लघुकथा लेखन –<br>● विषय-वस्तु – 3<br>● भाषा – 1<br>● प्रभाव – 1<br>**अथवा**<br>ई-मेल लेखन -<br>● औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | **1 x 5 = 5** |